एक नजर में

गूंजा नशामुक्त समाज का संकल्प

इंदौर/देपालपुर -वैश्य महासम्मेलन समाज द्वारा विगत 100 दिनों से संचालित नि :शुल्क आर .ओ . शीतल पेयजल सेवा का अंतर्राष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर समापन समारोह आयोजित किया गया . सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व के इस अद्भुत संगम ने नगरवासियों के मन में जनकल्याण की नई चेतना का संचार किया . कार्यक्रम में तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे . उनके प्रेरक नेतृत्व में उपस्थित नागरिकों, युवाओं एवं समाजजनों ने हाथ उठाकर स्वयं को नशे से दूर रखने, परिवार को नशामुक्त बनाने तथा समाज में जन-जागरण का अभियान चलाने का सामूहिक संकल्प लिया . कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वैश्य महासम्मेलन समाज के युवा जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, तहसील अध्यक्ष राज चौधरी एवं नगर अध्यक्ष प्रवीण मोदी ने बताया कि यह सेवा 18 मार्च को जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान, एसडीओपी संघप्रिय सम्राट तथा थाना प्रभारी रंजीत सिंह बघेल के करकमलों से प्रारंभ हुई थी . 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उपस्थित नागरिकों को मीठा शरबत पिलाकर इस सेवा को एक नए सामाजिक संकल्प के साथ अल्पविराम दिया गया . कार्यक्रम में जल व्यवस्था संयोजक मनी जैन, कल्लू जैन, तहसील उपाध्यक्ष हेमंत नागर, मनोज सरकार, युवा नगर अध्यक्ष शिवम सोनी, नमन जैन, आशीष सोनी, शिखर चंद्र, धर्मेंद्र सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

रानी दुर्गावती का जीवन हर नारी के लिए प्रेरणा

इंदौर . वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर के स्कूल ऑफ ट्राइबल स्टडीज एवं भीमा नायक वनांचल सेवा संस्थान, झाबुआ के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं मातृशक्ति सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया .मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन प्रत्येक नारी के लिए प्रेरणास्रोत है . आज की नारी समाज, शिक्षा, प्रशासन, खेल, राजनीति और राष्ट्र निर्माण सहित हर क्षेत्र में नेतृत्व करने में सक्षम है . कार्यक्रम की अध्यक्षता देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की उपकुलसचिव रचना ठाकुर ने की . मुख्य वक्ता डॉ . उमा कुमरे (परते) ने कहा कि रानी दुर्गावती का जीवन साहस, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है . विशिष्ट अतिथि सोनम निनामा ने कहा कि रानी दुर्गावती के आदर्शों पर चलकर ही महिला नेतृत्व एवं सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया जा सकता है . कार्यक्रम में समाज सेवा एवं जनजातीय कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मंजीत सिद्धु गर्ग तथा जूही विकास भाबोर का सम्मान किया गया . संयोजक प्रतिभा बघेल ने आभार माना . कार्यक्रम की प्रस्तावना अनिता ठाकुर ने रखी . संचालन प्रियंका तोमर ने किया .

डॉ . मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि दी

इंदौर । जनसंघ के संस्थापक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी संस्मरण कार्यक्रम के अंतर्गत आज भाजपा द्वारा नगर के सभी बूथों पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई . नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू की गलत नीतियों के चलते केंद्रीय मंत्रीमंडल से इस्तीफा दे दिया और जनसंघ की स्थापना की . उन्होंने कहा कि एक देश में दो विधान दो प्रधान दो निशान नहीं चलेंगे . प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके संकल्प को साकार करते हुए कश्मीर से धारा 370 को समाप्त करके एक भारत- श्रेष्ठ भारत के नारे को चरितार्थ किया है .इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात को भाजपा नेताओं ने कार्यकर्ता के साथ बूथों पर श्रवण किया . मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने राऊ विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत नैनोद के बूथ क्रमांक 103 पर भाजपा परिवार के सदस्यों के साथ मन की बात को श्रवण किया . नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, नगर प्रभारी राजेश सोलंकी, विधायक गोलू शुक्ला ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 3 के वार्ड क्रमांक 59, बूथ क्रमांक 86 पर ' मन की बात ' के 135वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया . इस अवसर पर बंटी वर्मा, पार्षद रूपाली पेंढाकर, आशीष दाणेज, सचिन जोशी, यश भागवती, दीपेश पचौरी सहित अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे . कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रशिक्षण दिलाया .

बारिश में हाईवे और पर्यटन स्थलों पर पुलिस का विशेष सुरक्षा कवच

- लूट और हादसे रोकने के लिए विशेष प्लान किया लागू
- ब्लैक स्पॉट से लेकर प्रतिबंधित क्षेत्रों तक बढ़ेगी निगरानी

नव भारत न्यूज

इंदौर. मानसून की दस्तक के साथ ही इंदौर देहात पुलिस ने हाईवे और पर्यटन स्थलों की सुरक्षा को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है. बारिश के मौसम में बढ़ने वाले सड़क हादसों, हाईवे लूट और प्रतिबंधित क्षेत्रों में होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं. पुलिस दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां अतिरिक्त निगरानी के साथ सुरक्षा इंतजाम मजबूत करेगी.

योजना के तहत हाईवे पर नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और ऐसे ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए जाएंगे, जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं या आपराधिक घटनाएं हुई हैं. इन स्थानों पर तुरंत पुलिस रिस्पांस सुनिश्चित करने के लिए अलग से निगरानी व्यवस्था बनाई जा रही है. वहीं, पहले हुई हाईवे लूट की वारदातों में फरार और सक्रिय आरोपियों की धरपकड़ के लिए भी अभियान चलाया जाएगा. घाट क्षेत्रों में बारिश के दौरान फिसलन और कम दृश्यता के कारण होने वाले हादसों को देखते हुए चेतावनी संकेतक और साइन बोर्ड लगाए जाएंगे. दूसरी ओर, प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित घोषित पर्यटन स्थलों पर लोगों की आवाजाही रोकने के लिए इस बार सिर्फ बोर्ड लगाने तक सीमित नहीं रहा जाएगा, बल्कि सादी वर्दी में पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे, ताकि जोखिम उठाने वालों को मौके पर ही रोका जा सके.

मेहंदीकुंड हादसे के बाद हुई ग्रामीण पुलिस अलर्ट

हाल ही में मेहंदीकुंड में प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करने के दौरान दो युवकों की डूबने से हुई मौत के बाद पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी . इसी के बाद मानसून सीजन के लिए यह विशेष कार्ययोजना लागू की गई है, ताकि लापरवाही के कारण होने वाली जनहानि और अपराध दोनों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके . मामले में देहात एसपी राजेंद्र वर्मा ने बताया कि बारिश के मौसम को देखते हुए सभी थाना प्रभारियों को हाईवे पर पेट्रोलिंग बढ़ाने, दुर्घटना और अपराध संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने, पुराने लूट के आरोपियों की धरपकड़ तेज करने तथा प्रतिबंधित पर्यटन स्थलों पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं .

फूटी कोठी में बैटरी गोदाम बने मकान में आग, 5 लोग सुरक्षित निकाले

नव भारत न्यूज

इंदौर. फूटी कोठी चौराहे के पास रविवार रात एक मकान में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया. आग उस मकान में लगी, जहां बैटरियों का काम किया जाता था. आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने तत्काल बचाव शुरू किया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी. दमकल और पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर अंदर फंसे पांच कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. घटना में कोई जनहानि नहीं हुई.

फायर ब्रिग्रेड एसआई संतोष कुमार दुबे ने बताया कि घटना रात करीब 9.15 बजे फूटी कोठी स्थित शराब दुकान के समीप बने मकान में आग लगने की सूचना मिली थी. दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया. आग लगने के दौरान भवन में पांच कर्मचारी मौजूद थे, जो बैटरियों से जुड़े काम में लगे थे. धुआं और लपटें फैलने से कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया. कर्मचारियों को पास की इमारत की छत के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाला. फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं. फायर ब्रिगेड और पुलिस मामले की जांच कर रही है. शुरुआती राहत यह रही कि समय रहते सभी लोगों को सुरक्षित निकाल लिया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई.

बाइक बेचने का विरोध करने पर पत्नी से मारपीट

इंदौर . किश्तों पर खरीदी गई बाइक बेचने का विरोध करना एक विवाहिता को भारी पड़ गया . पति ने अपनी मां के साथ मिलकर महिला की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी दी . पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है . निपानिया कांकड़ पर रहने वाली अनीता खरे ने पुलिस को शिकायत में बताया कि उसने अपने पैसों से किश्तों पर बाइक खरीदी थी और उसकी किस्तें भी वही जमा कर रही है . कुछ समय से पति राकेश खरे बाइक बेचने का दबाव बना रहा था . अनीता ने बाइक बेचने से इनकार किया तो राकेश ने अपनी मां सागर बाई के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की . आरोप है कि दोनों ने महिला को जान से मारने की धमकी भी दी . पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

पल्स पोलियो अभियान : लाखों बच्चों को पिलाई पोलियो की खुराक

- शहर के 3600 से अधिक बूथों पर पिलाई जा रही पोलियो ड्रॉप
- कलेक्टर ने बच्चों को ड्रॉप पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ

नव भारत न्यूज

इंदौर. जिले में रविवार को पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ शासकीय पॉलीक्लिनिक हुकुमचंद से किया. कलेक्टर शिवम वर्मा ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की. इस दौरान जनजागरूकता के लिए ऑटो रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर ने लब्यांश यादव, मिहिर, मिहिरा, ईरा, ईवान, रुस्तम, खुशी और रचना सहित कई बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाई.

उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक अभिभावक अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं. इंदौरवासियों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि शहर भावी पीढ़ी के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक है. कार्यक्रम के बाद कलेक्टर ने हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण कर रेबीज टीकाकरण केंद्र, आदर्श नियमित टीकाकरण केंद्र और डायलिसिस यूनिट का भी जायजा लिया. उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ संस्था के उन्नयन और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए.

ज्ञात हो, भारत में वर्ष 2011 के बाद पोलियो का कोई मामला सामने नहीं आया और वर्ष 2014 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को पोलियो मुक्त घोषित किया था. हालांकि पड़ोसी देशों अफगानिस्तान और पाकिस्तान में अब भी पोलियो के मामले मिलने के कारण एहतियात के तौर पर देश में पल्स पोलियो अभियान लगातार चलाया जा रहा है. हाल के वर्षों में अफ्रीकी देशों मोजाम्बीक और मलावी में भी पोलियो के मामले सामने आए हैं. अभियान के तहत इंदौर में 0 से 5 वर्ष तक के पांच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा है. पहले दिन बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि छूटे हुए बच्चों को अगले दो दिनों तक घर घर जाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी. इसके लिए 3600 से अधिक बूथ और मोबाइल टीमें तथा 8 हजार से अधिक कर्मचारी तैनात किए हैं.

पोलियो ड्रॉप के लिए इन पर रहेगा विशेष फोकस...

पोलियो की खुराक के लिए विशेष फोकस प्रवासी परिवारों, मलिन बस्तियों, निर्माण स्थलों, घुमंतू आबादी, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे ट्रांजिट स्थलों पर रहेगा. कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने नव भारत से चर्चा कर बताया कि जिले में पांच लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा है. पहले दिन बूथों पर तथा अगले दो दिनों तक घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाई जाएगी.

यशवंत क्लब चुनाव : जितेंद्र जैन चेयरमैन, विजय कस्तूरी सेक्रेटरी बने

- पूर्व अध्यक्ष पम्मी छाबड़ा पैनल की करारी हार

नवभारत न्यूज

इंदौर. यशवंत क्लब की नई मैनेजिंग कमेटी के लिए हुए चुनाव में गौरानी-सचदेवा समर्थित जितेंद्र (जीतू) जैन पैनल ने शानदार प्रदर्शन किया. अध्यक्ष समेत मैनेजिंग कमेटी के चारों प्रमुख पदों पर जैन पैनल ने शानदार जीत दर्ज की, जबकि पूर्व अध्यक्ष पम्मी छाबड़ा के पैनल को करारी हार का सामना करना पड़ा. कार्यकारिणी के पांच पदों में से भी चार पर जैन पैनल के प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए थे.

28 जून को हुए मतदान में क्लब के 5000 से अधिक सदस्यों में से

2687 ने अपने मताधिकार का उपयोग किया. मतदान समाप्त होने के बाद शाम को मतगणना शुरू हुई और रात करीब 10.30 बजे मैनेजिंग कमेटी के पदाधिकारियों के परिणाम घोषित कर दिए गए.

अध्यक्ष पद पर 67 वोट से जीते जितेंद्र जैन: अध्यक्ष पद के मुकाबले में जितेंद्र जैन को 1377 वोट मिले, जबकि पूर्व अध्यक्ष पम्मी छाबड़ा को 1310 मत प्राप्त हुए. इस तरह जैन ने 67 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की. मतगणना पांच राउंड में हुई, जिनमें केवल एक राउंड में पम्मी छाबड़ा बढ़त बना सके, जबकि शेष चार राउंड में जितेंद्र जैन आगे रहे.

सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष पद पर भी जैन पैनल का कब्जा: सचिव पद के चुनाव में जैन पैनल के विजय कस्तूरी ने 992 वोट हासिल कर जीत दर्ज की. उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पम्मी पैनल के अतुल सेठ को 938 वोट मिले, जबकि निर्दलीय उम्मीदवार कुलविंदर सिंह गिल को 757 मत प्राप्त हुए. विजय कस्तूरी ने 54 वोटों के अंतर से चुनाव जीता. सह सचिव पद पर तेजवीर जुनेजा ने एकतरफा जीत दर्ज करते हुए 1630 वोट हासिल किए. उनके मुकाबले पंकज कुकरेजा को 1057 वोट मिले. जुनेजा ने 573 मतों के अंतर से जीत हासिल की. कोषाध्यक्ष पद पर जैन पैनल की रुपल पारिख ने सबसे बड़ी जीत दर्ज की. उन्हें 1837 वोट मिले, जबकि पम्मी पैनल के सतीश मंगलवानी को 850 मत प्राप्त हुए. पारिख ने 987 वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की.

कार्यकारिणी में भी जैन पैनल का दबदबा: समाचार लिखे जाने तक कार्यकारिणी के पांच पदों के लिए मतगणना जारी थी, इसमें भी जैन पैनल का पलड़ा भारी रहा. वैभव दुआ, गुनीत चड्ढा, राजेश तलवार और भारती बरोड़िया अपने-अपने मुकाबलों में आगे रहे. वहीं पम्मी छाबड़ा पैनल के बॉबी थम्मन एकमात्र उम्मीदवार थे, जो बढ़त बनाए हुए थे.

प्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा आज करेंगे स्नान

इंदौर. निपान्या स्थित इस्कॉन मंदिर पर सोमवार 29 जून को दोपहर 11 बजे भगवान जगन्नाथ को देश के 108 तीर्थस्थलों के पवित्र जल, सुगन्धित दृव्यों एवं फलों के रस से स्नान कराया जाएगा. ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा के दिन पुरी स्थित मुख्य मंदिर में भी भगवान जगन्नाथ को मंदिर की परम्परा के अनुसार शास्त्रोक्त विधि से स्नान कराया जाता है . इसके बाद भगवान को 15 दिन के लिए बुखार आ जाता है और स्वस्थ होने के बाद उनकी रथ यात्रा निकाली जाती है .इस्कॉन मंदिर इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि स्नान यात्रा का आध्यात्मिक संबंध है . भगवान के साथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को भी भक्तों द्वारा स्नान कराया जाएगा . यह परम्परा बहुत प्राचीन है । वर्ष में एक बार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान अपने गर्भ गृह से भाई बलभद्र के साथ बेदी पर विराजित होकर भक्तों को दर्शन देते हैं ।

रिटायर्ड कर्नल और जेसीओ के घरों पर हथियारबंद बदमाशों का धावा

- सैन्य अधिकारियों के आवास क्षेत्र में दहशत
- क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर खड़े हुए गंभीर सवाल

महू. बड़गोंदा मार्ग स्थित सैन्य अधिकारियों के आवासीय क्षेत्र में लगातार दो रातों से हथियारबंद बदमाशों के आतंक के कारण स्थानीय निवासियों में दहशत का माहौल है. बेखौफ बदमाशों ने एक के बाद एक दो फार्म हाउसों को निशाना बनाया, जिसमें एक रिटायर्ड कर्नल और एक रिटायर्ड जेसीओ का घर शामिल है. इन वारदातों के बाद क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.

मिली जानकारी के अनुसार, पहली घटना बड़गोंदा मार्ग स्थित

डिफेंस एन्क्लेव की है. यहां रहने वाले सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी कर्नल महेंद्र के फार्म हाउस पर शुक्रवार देर रात हथियारों से लैस बदमाश पहुंचे. बदमाश मुख्य दरवाजे को काटकर अंदर घुसने का प्रयास कर रहे थे, तभी घर के सदस्यों की आंख खुल गई. घर में आहट और परिवार के जागने के कारण बदमाश घबराकर मौके से फरार हो गए.

अगली ही रात जेसीओ के फार्म हाउस में घुसे चोर: कर्नल के घर हुई घटना के अगले ही दिन शनिवार रात को बदमाशों ने आशापुरा रोड क्षेत्र में स्थित एक अन्य सेवानिवृत्त जेसीओ के फार्म हाउस को अपना निशाना बनाया. बताया जा रहा है कि इस बार बदमाश घर के अंदर दाखिल होने और चोरी करने में सफल रहे. हालांकि, इस वारदात में कितने और क्या सामान की चोरी हुई है, इसकी आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है.

सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस: इस पूरे मामले में डीएसपी ललित सिकरवार ने बताया कि पुलिस ने दोनों ही घटनाओं को गंभीरता से लिया है और मामले की बारीकी से जांच की जा रही है. घटना स्थलों और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं. डीएसपी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही बदमाशों की पहचान कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगा.

पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

लगातार दो दिनों तक हुई इन सनसनीखेज घटनाओं से डिफेंस एन्क्लेव और आशापुरा रोड के रहवासियों में गहरा रोष और भय है . स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह क्षेत्र मुख्य रूप से सेवानिवृत्त मेजर, कर्नल और अन्य उच्च सैन्य अधिकारियों के निवास स्थान हैं . हथियारबंद बदमाशों के इस तरह बेखौफ घूमने से कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है . रहवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में रात्रि गश्त तुरंत बढ़ाई जाए और संदिग्ध लोगों की सघन जांच की जाए .

गौरव का किरदार मेरे दिल के करीब : सूरज

इंदौर. गौरव का किरदार मेरे दिल के बेहद करीब है. एक ऐसे खिलाड़ी का दर्द और उसका संघर्ष पर्दे पर जीना, जो देख नहीं सकता लेकिन दिल से सब महसूस करता है, मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण और भावुक अनुभव था.

यह कहना है अभिनेता सूरज का. वे रविवार को शहर में थे. आईनॉक्स सिनेमाज में हिंदी फिल्म तेरा मेरा नाता का प्रीमियर किया गया जिसमें सिनेमा प्रेमियों फिल्म कहानी की पहली झलक देखने को मिली. इस खास मौके पर फिल्म के मुख्य कलाकार सूरज और अंबिका वाणी, निर्माता-निर्देशक चंदा पटेल सहित पूरी स्टार कास्ट मौजूद रही. मीडिया से अनुभव साझा करते हुए एक्टर सूरज ने आगे कहा कि फिल्म की कहानी गौरव के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कभी फुटबॉल का स्टेट चैंपियन हुआ करता था,

लेकिन अपनी आंखों की रोशनी खो चुका है.उसकी जिंदगी के इस अंधेरे सफर में रोशनी बनकर आती है मिशा. दोनों के बीच प्यार हो जाता है लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब समाज और पारिवारिक मजबूरियां सामने खड़ी हो जाती हैं. वहीं, लीड एक्टर्स अंबिका वाणी ने बताया, यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि रिश्तों, विश्वास और पारिवारिक मूल्यों का एक ऐसा ताना-बाना है, जिससे आज की पीढ़ी गहराई से जुड़ेगी. फिल्म की निर्माता-निर्देशक चंदा पटेल ने बताया कि पूरी टीम ने एक ऐसी साफ-सुथरी और भावनात्मक फिल्म बनाने का प्रयास किया है, जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सके.

बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

इंदौर. इंदौर-भोपाल रूट पर संचालित निजी बसों में सवारी बैठाने और टाइमिंग को लेकर हुए विवाद के बाद बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. दोनों बस ऑपरेटरों को भी निर्धारित परमिट और समय के अनुसार बस संचालन की सख्त हिदायत दी गई है. दोबारा विवाद होने पर परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की चेतावनी दी गई है.

पिछले चार पांच दिनों से इंदौर से भोपाल जाने वाली चौहान बस सर्विस और शारदा ट्रेवल्स के बीच सवारी बैठाने और बसों के समय को लेकर विवाद चल रहा था. इसी विवाद के दौरान दोनों पक्षों के स्टाफ ने एक दूसरे की बसों में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया. मामले में भंवरकुआं और छोटी ग्वालटोली थानों में अलग अलग प्रकरण दर्ज किए थे. घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर एसीपी संयोगितागंज तुषार सिंह के नेतृत्व में भंवरकुआं और छोटी ग्वालटोली थाना पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई. जांच के दौरान दोनों बस संचालकों से पूछताछ की गई और बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों ललित सहरिया, राजा सिसोदिया, राहुल उर्फ देवा

नायक और नीरज कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस आरोपियों को घटनास्थल पर भी ले गई, जहां घटनाक्रम की पुष्टि कराई गई. इसके बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया. पुलिस ने दोनों बस संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वे परमिट में तय समय के अनुसार ही बसों का संचालन करें. भविष्य में इस तरह का विवाद दोबारा होने पर संबंधित बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जा सकती है. मामले में एसीपी तुषार सिंह ने बताया कि सवारी बैठाने और बसों की टाइमिंग को लेकर हुए विवाद में तोड़फोड़ करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. बस संचालकों को भी नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई है.

एक नजर में | स्पंदन डॉक्टर्स ग्रुप की 150वीं संगीतमय प्रस्तुति सुर जी कल स्ट्राइक में गूंजे सदाबहार नगमे

किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार के नगमे पर झूम उठे श्रोता

इंदौर. पिछले 35 वर्षों से चली आ रही परंपरा को कायम रखते हुए स्पंदन डॉक्टर्स ग्रुप ने इस वर्ष भी डॉक्टर्स डे और वर्ल्ड म्यूजिक डे का संयुक्त उत्सव संगीतमय संध्या सुर जी कल स्ट्राइक के रूप में मनाया. यह स्पंदन ग्रुप की 150वीं प्रस्तुति रही. लाभ मंडपम खेलप्रशाल में आयोजित कार्यक्रम में खराब मौसम के बावजूद संगीत प्रेमियों का उत्साह देखने लायक था. पूरी शाम तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सदाबहार गीतों की स्वर लहरियां गूंजती रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. संजय लौंढे ने गीत नदिया चले चले रे धारा से की. इस अवसर पर

संगीतकार मदन मोहन की जयंती, गायिका सुमन कल्याणपुर को श्रद्धांजलि तथा संगीतकार आर.डी. बर्मन को उनकी जयंती पर याद करते हुए उन्हें संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की गई. इस वर्ष स्पंदन परिवार में प्रतिष्ठित न्यूरोसर्जन डॉ. दीपक कुलकर्णी का भी स्वागत किया गया. गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुके डॉ. कुलकर्णी की सहभागिता कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही. करीब 25 गीतों से सजी इस संगीतमय शाम में विभिन्न रंग देखने को मिले. डॉ. अतुल भट्ट और बड़ोदरा से आई डॉ. रुचि शाह ने शास्त्रीय रंग से सजे छम छम बाजे रे पायलिया और जिया ले गयो रे मोरा सांवरिया प्रस्तुत कर श्रोताओं की खूब वाहवाही बटोरी. डॉ. हेमंत मंडोवरा ने नफरत करने वालों के सीने में, डॉ. प्रमोद नीमा ने एक हसीना थी, डॉ. मून जैन ने हो जा रंगीला रे, डॉ. अमित वर्मा ने हम्मा हम्मा, डॉ. दीपक कुलकर्णी ने किसी की मुस्कुराहटों पे हो निसार, डॉ. निकिता भटनागर ने चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी तथा डॉ. मनोज भटनागर और डॉ. पिनाक भटनागर ने ना ना करते प्यार सहित कई युगल गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं. गीतों की प्रस्तुति इतनी जीवंत रही कि युवा, वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं भी स्वयं को थिरकने से नहीं रोक सके.

संगीत देता है मानसिक ऊर्जा

स्पंदन डॉक्टर्स ग्रुप के संयोजक डॉ . मनोज भटनागर ने कहा डॉक्टरों का जीवन सेवा, जिम्मेदारी और व्यस्त दिनचर्या से भरा होता है . संगीत हमें मानसिक ऊर्जा, सकारात्मकता और संतुलन देता है . पिछले 35 वर्षों से स्पंदन का उद्देश्य यही रहा है कि डॉक्टर अपने भीतर के कलाकार को भी मंच दें और संगीत के माध्यम से समाज के साथ आत्मीय जुड़ाव कायम रखें . संचालन डॉ . संजय लौंढे ने किया .